



# स्काई-ड्वेलर

ऑयस्टर, 42 मिमी, येलो गोल्ड

ऑइस्टर पर्पेचुअलस्काई-ड्वेलर में 18 कैरट पीला सोना के साथ एक चमकीले ग्रीन डायल और ऑयस्टरफ़्लेक्स ब्रेसलेट है।



ऑयस्टरफ्लेक्स ब्रेसलेट

# अत्यधिक प्रतिरोधी और टिकाऊ

रोलेक्स द्वारा विकसित और पेटेन्ट स्काई-ड्वेलर का नया ऑयस्टरफ्लेक्स ब्रेसलेट, मेटल ब्रेसलेट के लिए एक स्पोर्टी विकल्प प्रदान करता है। ब्रेसलेट घड़ी के केस और ऑयस्टरक्लास्प से लचीले टाइटेनियम तथा निकल मिश्रित धातु के ब्लेड से जुड़ जाता है।

ब्लेड को उच्च-निष्पादक काले इलास्टोमर के साथ ओवरमोल्ड किया जाता है जो विशेष रूप से पर्यावरणीय प्रभावों के लिए प्रतिरोधी होता है, और जो घड़ी के पहनने वाले के लिए बहुत टिकाऊ और पूरी तरह से निष्क्रिय होता है। अधिक आराम के लिए, ऑयस्टरफ्लेक्स ब्रेसलेट का भीतरी भाग एक पेटेन्ट की गई अनुदैर्ध्य कुशन प्रणाली से लैस है जो

कलाई पर घड़ी को स्थिर रखता है और 18 कैरट पीला सोना ऑयस्टरक्लास्प के साथ लगाया जाता है। इसकी विशेषता रोलेक्स ग्लाइडलॉक एक्सटेंशन प्रणाली भी है, जिसे ब्रैंड द्वारा डिज़ाइन और पेटेन्ट किया गया है। क्लास्प के नीचे से संघटित, यह आविष्कार कुशल दाँतेदार तंत्र, बिना किसी उपकरण के उपयोग के, इस ब्रेसलेट की लंबाई को लगभग 2.5 मिमी की बढ़त के साथ 15 मिमी तक बढ़ा कर अनुकूलित करने की अनुमति देता है।




18 कैरट पीला सोना

# उत्कृष्टता के प्रति वचनबद्धता

खुद अपनी एक्सक्लूसिव फाउंड्री संचालित करने के कारण, रोलेक्स के पास उच्चतम गुणवत्ता के 18 कैरट गोल्ड मिश्रधातुओं की ढलाई की क्षमता है जो इसके किसी भी प्रतिद्वंद्वी के पास नहीं है। सिल्वर, कॉपर, प्लैटिनम या पैलेडियम के अनुपातों के अनुसार, अलग-अलग प्रकार का 18 कैरट गोल्ड प्राप्त होता है: येलो, पिंक या व्हाइट।

उन्हें केवल शुद्धतम धातुओं से बनाया जाता है और इन-हाउस प्रयोगशाला में अत्याधुनिक उपकरणों से बहुत ध्यानपूर्वक जांचा जाता है ,उसके बाद ही गोल्ड को गुणवत्ता पर उतनी ही कड़ाई से ध्यान देते हुए बनाया और रूप दिया जाता है। उत्कृष्टता के प्रति रोलेक्स की वचनबद्धता स्रोत से ही शुरू हो जाती है।




चमकदार हरा डायल

# एक आकर्षक विशेषता

डायल पर स्थिर उल्टा लाल त्रिकोण केंद्र से हटकर बनी 24-घंटे की डिस्क पर चुने गए संदर्भ समय - घर या यात्री के सामान्य कार्यस्थल का समय - की ओर संकेत करता है। एक नज़र में, यह 24 घंटे का डिसप्ले एक नज़र में दूसरे समय क्षेत्र में दिन के समय को रात के समय से अलग दिखा देता है।

डायल के चारों ओर की 12 विंडो में से एक में गहरा लाल आयताकार वर्तमान महीने को दर्शाता है, जो सारोस वार्षिक कैलेंडर की एक आकर्षक विशेषता है। यह सरल तंत्र घड़ी पहनने वाले व्यक्ति के लिए जीवन को सरल बनाता है, जिसे अब 30-दिन के महीने के अंत में तारीख को समायोजित करने के बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है। वार्षिक कैलेंडर वर्ष भर सही तिथि प्रदर्शित करता है। 1 मार्च को (फरवरी में

केवल 28 या 29 दिन होने के नाते) - केवल एक समायोजन की आवश्यकता है। तिथि स्थानीय समय क्षेत्र से जुड़ी हुई है और यात्री के स्थानीय समय क्षेत्र के अनुसार स्वचालित रूप से बदल जाती है।



फ्लूटेड बेज़ेल

# रोलेक्स सिग्नेचर

फ्लूटिंग किया हुआ बेज़ेल, रोलेक्स विशिष्टता की निशानी होता है। मूल रूप से, ऑयस्टर बेज़ेल की फ्लूटिंग का एक कार्यात्मक उद्देश्य था: इससे बेज़ेल को केस पर पेंच से कसा जाता था जिससे घड़ी का जल प्रतिरोधी क्षमता होना सुनिश्चित होता था।

इसलिए यह बिल्कुल केस बैक पर फ्लूटिंग के समान होता था, जिसे भी रोलेक्स के विशेष टूल्स का प्रयोग करके केस पर स्क्रू से कसा जाता था ताकि जल प्रतिरोधी होना सुनिश्चित हो। समय के साथ, फ्लूटिंग एक सौंदर्यात्मक तत्व बन गई, असली रोलेक्स की एक सिग्नेचर विशेषता। आज फ्लूटिंग किया हुआ बेज़ेल विशिष्टता की निशानी होता है, और यह हमेशा सोने का बना होता है। स्काई-ड्वेलर में रिंग कमांड प्रणाली, घूमने योग्य बेज़ेल, वाइडिंग क्राउन के बीच एक इंटरफ़ेस शामिल है और मूवमेंट

जो पहनने वाले को आसानी से, जल्दी और सुरक्षित रूप से एक-एक करके घड़ी के कार्यों को आसानी, तेज़ी और सुरक्षा के साथ चुनने और सेट करने की अनुमति देता है।

# और पढ़ें तकनीकी विवरण
# स्काई-ड्वेलर

संदर्भ 336238

## मॉडल केस

**प्रकार**
ऑयस्टर, 42 मिमी, येलो गोल्ड

**व्यास**
42 मिमी

**सामग्री**
पीला सोना

**बेज़ेल**
फ़्लूटेड, दोनों दिशाओं में घूमने योग्य रोलेक्स रिंग कमांड

**ऑयस्टर संरचना**
मोनोब्लॉक मिडल केस, स्क्रू-डाउन केस बैक और वाइंडिंग क्राउन

**वाइंडिंग क्राउन**
स्क्रू-डाउन, ट्विनलॉक डबल वॉटरप्रूफ़नेस सिस्टम

**क्रिस्टल**
स्क्रैच-रोधी सैफ़ायर, तारीख के ऊपर साइक्लोप्स लेंस

**जल प्रतिरोधी-क्षमता**
100 मीटर / 330 फीट तक वॉटरप्रूफ़

## घड़ी की मशीन

**प्रकार**
परपेचुअल, मैकेनिकल, सेल्फ़-वाइंडिंग, दोहरा समय क्षेत्र, वार्षिक कैलेंडर

**कैलिबर (घडी के चलने की यंत्रावली)**
9002, मैन्युफैक्चर रोलेक्स

**सटीकता**
-2/+2 सेकंड/दिन, केसिंग के बाद

**ऑस्सिलेटर**
पैरामैग्नेटिक ब्लू पैराक्रोम हेयरस्प्रिंग। हाई-परफ़ॉर्मेंस पैराफ़्लेक्स शॉक एब्ज़ॉर्बर्स

**वाइंडिंग**
दो दिशाओं में परपेचुअल रोटर के ज़रिए सेल्फ़-वाइंडिंग

**पॉवर रिज़र्व**
लगभग 72 घंटे

**फंक्शन**
मध्य घंटे, मिनट और सेकंड की सुइयाँ। ऑफ़-सेंटर डिस्क पर 24 घंटे का डिस्प्ले। दूसरा समय क्षेत्र। 3 बजे पर तत्क्षण वार्षिक कैलेन्डर और तेज़ी से तारीख सेट करना। डायल के घेरे के किनारे बने 12 एपर्चर के ज़रिए महीनों का डिस्प्ले। सटीक टाइम सेटिंग के लिए स्टॉप-सेकंड

## ब्रेसलेट

---

**प्रकार**
ऑयस्टरफ़्लेक्स

**ब्रेसलेट सामग्री**
हाई-परफ़ॉर्मेंस इलास्टोमीटर के साथ ओवरमोल्ड किए गए धातु के लचीले ब्लेड

**क्लास्प**
रोलेक्स ग्लाइडलॉक एक्सटेंशन प्रणाली के साथ फोल्ड होने वाला ऑयस्टरक्लास्प

## डायल

---

**प्रकार**
चमकीला हरा

**विवरण**
बेहद स्पष्ट क्रोमालाइट डिस्प्ले दीर्घकालिक नीली चमक के साथ

## प्रमाणन

---

**प्रकार**
सुपरलेटिव क्रोनोमीटर (COSC + केसिंग के बाद रोलेक्स सर्टिफ़िकेशन)

# Rolex.com को एक्सप्लोर करें और जानें

**सभी बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे ट्रेडमार्क, सर्विस मार्क, ट्रेड नाम, डिज़ाइन और कॉपीराइट सुरक्षित हैं।**

इस वेबसाइट में शामिल कोई भी चीज़ लिखित अनुमति के बिना पुनरुत्पादित नहीं की जा सकती। रोलेक्स वर्तमान वेबसाइट में दिखाए गए मॉडलों में संशोधन करने का अधिकार हर समय सुरक्षित रखती है।

ROLEX